# राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

**बिहार लोक भवन, पटना–800022**

## प्रेस–विज्ञप्ति

*संख्या–**158/2026***

## राज्यपाल ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व० अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया

**पटना 16 अगस्त, 2026** :– माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व० अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में पाटलिपुत्र पार्क, पटना स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी एवं विभिन्न मंत्रीगण तथा अन्य गणमान्य लोगों ने भी स्व० वाजपेयी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

समारोह में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा भजन एवं गीत प्रस्तुत किए गए।

................................